## 75 Years of India-Luxembourg Friendship

The diplomatic relations between India and Luxembourg were established in 1948. The two countries are celebrating 75 years of diplomatic relations during 2023. India and Luxembourg have traditionally enjoyed warm and friendly bilateral relations with cooperation extending to various multilateral and international forums. Amar Nath Sehgal, renowned sculptor, represents the strong bonds of friendship and cultural connect between India and Luxembourg. He is a unique symbol of the friendship between the two countries and has contributed significantly to the people-to-people ties. His birth centenary was commemorated during 2022. In recognition of his body of work which also personifies India-Luxembourg Friendship, the Postal Departments of two countries have come up with a Joint Issue to commemorate the occasion. The sculpture of artist Sehgal named 'The Friends' is an impressive & poignant work of art and a beautiful example of artist's close relationship and friendship with Luxembourg. The sculpture 'Flute Player' is another remarkable work of art representing the spirit of Lord Krishna.

Amar Nath Sehgal, renowned worldwide for his contribution to modern Indian art, was born in pre-partition India, in Campbellpur, on 5th February 1922. He studied Industrial Chemistry at Banaras Hindu University and worked briefly as an engineer in Lahore. Following India's Independence in 1947, he migrated to Delhi. His interest in art since childhood encouraged him to pursue art as a career and he moved to USA in 1948 to study art education at the New York University. On his return, he joined the College of Art, Delhi, as faculty.

Amar Nath Sehgal's oeuvre of works spanned over six decades of his life. His artistic versatility extends to sculptures, paintings, poetry, graphics and tapestries. In 1955, the artist was appointed by UNESCO to study and survey folk arts in India. He was awarded the Lalit Kala Academy Fellowship in 1993, the highest honour in Fine Arts conferred by the Government of India. He was bestowed Padma Bhushan by Government of India posthumously in 2008 for his outstanding contributions to the field of art.

In 1979, Sehgal established a studio in the Grand Duchy of Luxembourg and for next 24 years, he lived between India and Luxembourg. In Luxembourg, Sehgal's works are exhibited in the public collections of the National Museum of History and Art, the City of Luxembourg, the Central Bank of Luxembourg as well as in numerous private collections.

In 1986, Sehgal founded "The Creative Fund" in Luxembourg in the presence of Prime Minister Jacques Santer, the objective of which was to help artists from the Grand Duchy and India to discover and be inspired by the rich history and culture of both countries. The Creative Fund became a unique exchange to help young and talented artists pursuing their passion in art.

Sehgal's iconic bronze bust of Mahatma Gandhi, commissioned by the philanthropist Henry Leir, was inaugurated in the Municipal Park in Luxembourg City in 1978 in the presence of the then Minister for Foreign Affairs, Mr. Gaston Thorn. In 1980, the bronze bust was stolen and the artist offered a copy of the original to the City of Luxembourg which was inaugurated on 2 October 1982, on the 113th birth anniversary of Mahatma Gandhi. Today, it is a popular public sculpture, in the centre of the city, celebrated by the local community and the Indian diaspora as a reminder of the messenger of peace, Mahatma Gandhi, and his values of tolerance and non-violence.

On the occasion of the 150th birth anniversary of Mahatma Gandhi, on 2nd October 2019, the Luxembourg Post & Telecommunications in cooperation with the Department of Posts– Philately of the Government of India released special commemorative stamp featuring Sehgal's statue of the Mahatma.

The sculpture ***Friends***, in Bronze, is a unique piece of art created by Sehgal in 1988. The two bronze figures placed directly opposite each other signify not just two strong beings, but also resonates a sense of equality, respect and honour. The photograph of the artist with the work leaves a deep impact on every viewer as it relays the history of an Indian artist who moved alone to a distant country in search of inspiration. While India was his biggest inspiration, Luxembourg, with its warm people and welcoming environment, was like a home away from home. Luxembourg served as a catalyst between Sehgal's creativity and his roots. The image here is a celebration of the bond of two nations with strong cultural values and historic ties brought together by one artist – Amar Nath Sehgal. The sculpture was loaned to the Embassy of The Grand Duchy of Luxembourg, New Delhi in 2019.

The sculpture ***Flute Player*** is a form to represent the spirit of Lord Krishna. The deity is worshiped across the Indian subcontinent as a supreme God. The source of Lord Krishna's mythology comes from the Mahabharata and the very essence of the birth of the Bhagvad Gita. Lord Krishna's personality is meant to be composite, wise yet youthful, strong yet tender, with an abundance of love. The flute he carried with him is a significant part of his personality. Some would derive it to be representative of the human heart and Lord Krishna the giver of love, filling the hollow flute as he plays it. The echoes of the music transpire as a medium of his showers of blessings. The bronze sculpture made in 1958 is an edition of 5, part of multiple private and public collections like the MOMA in Paris, and MNHA in Luxem-bourg, and was presented to UNICEF on behalf of the Children of India.

Department of Posts is pleased to jointly issue Commemorative Postage Stamp on '75 Years of India Luxembourg Friendship' which will further strengthen bilateral relationship between the two countries.

**Credits:**

| | | |
|---|---|---|
| Stamp/FDC/Brochure | : | Shri Anuj Zood |
| Cancellation Cachet | : | Mrs. Nenu Gupta |
| Text | : | Referenced from content provided by Ministry of External Affairs |

भारतीय डाक

India Post

डाक विभाग

**DEPARTMENT OF POSTS**

# भारत-लक्समबर्ग मित्रता के 75 वर्ष

# 75 Years of India - Luxembourg Friendship



विवरणिका BROCHURE

# भारत-लक्समबर्ग मित्रता के 75 वर्ष

भारत और लक्समबर्ग के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना वर्ष 1948 में हुई। वर्ष 2023 में दोनों देशों के बीच इन संबंधों की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। भारत और लक्समबर्ग के बीच द्विपक्षीय संबंध पारंपरिक रूप से मधुर और मैत्रीपूर्ण रहे हैं तथा दोनों देश, विभिन्न बहुपक्षीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर एक–दूसरे से सहयोग भी करते हैं। सुविख्यात मूर्तिकार अमर नाथ सहगल, भारत और लक्समबर्ग के बीच गहरी दोस्ती और सांस्कृतिक जुड़ाव के अद्वितीय प्रतीक हैं। दोनों देशों के लोगों के बीच भावनात्मक सेतुबंधन की दिशा में इनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। सहगल की जन्म शताब्दी, वर्ष 2022 में मनाई गई। अमर नाथ सहगल के कलाकर्म में भारत–लक्समबर्ग की मैत्री की झलक देखने को मिलती है। अतः दोनों देशों के डाक विभागों द्वारा इस अवसर पर एक संयुक्त डाक–टिकट जारी किया जा रहा है। अमर नाथ सहगल की 'फ्रेंड्स' (मित्र) , मूर्तिकला का उत्कृष्ट नमूना है, जोकि लक्समबर्ग से उनके घनिष्ठ संबंधों और मैत्री का खूबसूरत उदाहरण है। 'फ्लूट प्लेयर' (मुरलीवाला), एक ऐसी बेजोड़ कलाकृति है, जो भगवान कृष्ण के आत्मभाव का प्रतिरूप है।

आधुनिक भारतीय कला में अपने योगदान के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध, अमर नाथ सहगल का जन्म विभाजन से पूर्व 5 फरवरी, 1922 को भारत के कैंपबेलपुर में हुआ था। उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में औद्योगिक रसायन विज्ञान (इंडस्ट्रियल केमिस्ट्री) विषय की शिक्षा ग्रहण की और कुछ समय के लिए लाहौर में एक इंजीनियर के रूप में कार्य किया। 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद, वे दिल्ली आ बसे। बचपन से ही कला के प्रति उनकी रुचि ने उन्हें इसे आजीविका के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया और 1948 में वे न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय में कला की शिक्षा प्राप्त करने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका चले गए। वहां से शिक्षा प्राप्त कर वापस आने पर उन्होंने कालेज ऑफ आर्ट, दिल्ली में प्राध्यापक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया।

अमर नाथ सहगल ने अपने जीवन के छह दशकों तक कला साधना की। उनकी कलात्मक बहुमुखी प्रतिभा में मूर्तिकला, चित्रकला, काव्य, रेखाचित्र (ग्राफिक) और टेपेस्ट्री शामिल हैं। वर्ष 1955 में यूनस्को द्वारा इस महान कलाकार को भारत की लोक कलाओं के अध्ययन और सर्वेक्षण के लिए नियुक्त किया गया। वर्ष 1993 में उन्हें ललित कला अकादमी फेलोशिप से सम्मानित किया गया, जो कि ललित कलाओं में भारत सरकार द्वारा प्रदान किया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। कला के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा उन्हें 2008 में मरणोपरांत पद्मभूषण से सम्मानित किया गया।

1979 में सहगल ने लक्समबर्ग के ग्रैंड डची में एक स्टूडियो की स्थापना की और अगले 24 वर्षों तक वे भारत और लक्समबर्ग दोनों ही देशों में समय–समय पर प्रवास करते रहे। लक्समबर्ग में सहगल के कार्यों को नेशनल म्यूजियम ऑफ हिस्ट्री एंड आर्ट, लक्समबर्ग शहर और सेंट्रल बैंक ऑफ लक्समबर्ग के सार्वजनिक संग्रहों के साथ–साथ कई निजी संग्रहों में प्रदर्शित किया गया है।

अमर नाथ सहगल द्वारा 1986 में लक्समबर्ग में प्रधानमंत्री, जैक्स सैंटर की उपस्थिति में ''द क्रिएटिव फंड'' की स्थापना की गई, जिसका उद्देश्य ग्रैंड डची और भारत के कलाकारों को दोनों देशों के समृद्ध इतिहास और संस्कृति से परिचित कराना और प्रेरित करना था। 'द क्रिएटिव फंड', युवा और प्रतिभाशाली कलाकारों के लिए कला के क्षेत्र में उनके जुनून को साकार करने में उनकी मदद करने का एक अनूठा माध्यम बन गया।

अमर नाथ सहगल द्वारा बनाई गई महात्मा गांधी की कांस्य की सुप्रसिद्ध अर्ध–प्रतिमा का 1978 में तत्कालीन विदेश मंत्री श्री गैस्टन थॉर्न की उपस्थिति में, लक्समबर्ग शहर के म्युनिसिपल पार्क में अनावरण किया गया था। इसे समाजसेवी हेनरी लियर द्वारा बनवाया गया था। वर्ष 1980 में यह कांस्य प्रतिमा चोरी हो गई, तब सहगल ने वास्तविक मूर्ति की प्रति लक्समबर्ग शहर को भेंट की, जिसका अनावरण दिनांक 2 अक्तूबर, 1982 को महात्मा गांधी की 113वीं जयंती के अवसर पर किया गया। शहर के बीचों–बीच स्थापित यह प्रतिमा अत्यंत लोकप्रिय है और यहां के स्थानीय लोगों के साथ–साथ प्रवासी भारतीयों के लिए शांति के दूत, महात्मा गांधी और उनके नैतिक मूल्यों जैसे सहिष्णुता और अहिंसा का प्रतीक है ।

2 अक्तूबर, 2019 को महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर लक्समबर्ग पोस्ट एंड टेलीकम्युनिकेशंस द्वारा भारत सरकार के डाक विभाग–फिलैटली अनुभाग के सहयोग से सहगल द्वारा बनाई गई महात्मा गांधी की प्रतिमा के अंकन वाला विशेष स्मारक डाक–टिकट जारी किया गया।

कांस्य प्रतिमा 'फ्रेंड्स' (मित्र), सहगल द्वारा 1988 में बनाई गई एक अनूठी कलाकृति है। एक दूसरे के आमने–सामने खड़ी कांस्य की दो प्रतिमाएं न केवल दो सशक्त व्यक्तित्वों की प्रतीक है बल्कि समानता और सम्मान के भाव को भी प्रतिबिंबित करती है। इन प्रतिमाओं के साथ अमर नाथ सहगल की तस्वीर दर्शकों को अत्यंत प्रभावित करती है। यह तस्वीर इस महान भारतीय कलाकार के इतिहास को दर्शाती है जो अपनी प्रेरणा की तलाश में अकेले इतनी दूर विदेश में आ बसा। हालांकि अमर नाथ सहगल भारत से अत्यंत प्रभावित थे, परंतु लक्समबर्ग के लोगों के मृदु स्वभाव और गर्मजोशी के फलस्वरूप लक्समबर्ग भी उनके लिए घर से दूर अपने घर जैसा ही था। लक्समबर्ग ने सहगल को प्रेरणा प्रदान करने के साथ–साथ अपनी जड़ों से भी जोड़े रखा। इस डाक–टिकट पर अंकित चित्र दोनों देशों के बीच सुदृढ़ सांस्कृतिक मूल्यों और ऐतिहासिक संबंधों को दर्शाता है, जिसे अमर नाथ सहगल ने अपनी कला से सींचा। इस प्रतिमा को वर्ष 2019 में, 'द ग्रैंड डची ऑफ लक्समबर्ग' नई दिल्ली में प्रदर्शित किए जाने हेतु प्रदान किया गया।

'फ्लूट प्लेयर' (मुरलीवाला) प्रतिमा, भगवान कृष्ण के मनोभावों को दर्शाती है। भारतीय उपमहाद्वीप में भगवान श्री कृष्ण को परमपिता परमेश्वर के रूप में पूजा जाता है। भगवान कृष्ण की पौराणिक गाथा का वर्णन महाभारत और भगवद्गीता के उद्भव में प्राप्त होता है। भगवान कृष्ण का व्यक्तित्व सर्वगुण संपन्न है, वे ज्ञानी हैं परंतु नवऊर्जा से भी परिपूर्ण हैं, परमशक्ति संपन्न हैं और सौम्य भी हैं और उनका मनोहर व्यक्तित्व प्रेमभाव से सराबोर है। उनकी बांसुरी, उनके व्यक्तित्व का अभिन्न अंग है। कतिपय कृष्ण भक्तों के लिए यह बांसुरी, मानव मन की कोमलता का प्रतीक है और प्रेम के अगाध सागर भगवान कृष्ण जब ये बांसुरी बजाते हैं तो मानो वे इसे अपने प्रेम भाव में सराबोर कर देते हैं। बांसुरी के इस मोहक संगीत की गूंज उनके आशीष का माध्यम बन जाती है। 1958 में निर्मित यह कांस्य प्रतिमा "5" विषयक कृति का हिस्सा है। यह कलाकृति विभिन्न निजी व सार्वजनिक संग्रहों जैसे कि पेरिस के एमओएमए और लक्समबर्ग में एमएनएचए का हिस्सा रही है। "चिल्ड्रन ऑफ इंडिया" की तरफ से इसे यूनीसेफ को भेंट किया गया।

डाक विभाग, "भारत–लक्समबर्ग मित्रता के 75 वर्ष" विषय पर संयुक्त स्मारक डाक–टिकट जारी करते हुए प्रसन्नता का अनुभव करता है जो दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध को और भी मजबूत बनाएगा।

**आभार :**

| | | |
|---|---|---|
| डाक–टिकट / प्रथम दिवस आवरण / विवरणिका | : | श्री अनुज जूड |
| विरूपण कैशे | : | श्रीमती नीनू गुप्ता |
| पाठ | : | विदेश मंत्रालय से प्राप्त सामग्री के आधार पर |


## तकनीकी आंकड़े

**TECHNICAL DATA**

| | |
|---|---|
| मूल्य | : 2500 पैसे (2) |
| Denomination | : 2500 p (2) |
| सोविनियर शीट मूल्य | : 5000 पैसा |
| Souvenir Sheet Price | : 5000 p |
| मुद्रित सोविनियर शीट | : 1.16 लाख |
| Souvenir Sheets Printed | : 1.16 Lakh |
| मुद्रण प्रक्रिया | : वेट ऑफसेट |
| Printing Process | : Wet Offset |
| मुद्रक | : प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद |
| Printer | : Security Printing Press, Hyderabad |

The philatelic items are available for sale at Philately Bureaus across India and online at http://www.epostoffice.gov.in/PHILATELY_3D.html

© डाक विभाग, भारत सरकार। डाक टिकट, प्रथम दिवस आवरण तथा सूचना विवरणिका के संबंध में सर्वाधिकार विभाग के पास है।

© Department of Posts, Government of India. All rights with respect to the Stamp, First Day Cover and Information Brochure rest with the Department.

मूल्य ₹ 5.00